# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे

**जालोर**, (कासं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड मंगलवार को एक दिवसीय जालोर दौरे पर पहुंचे। कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित किया। वही कार्यकर्ता सम्मेलन से पूर्व प्रेस वार्ता आयोजित हुई।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व के चलते राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा में देश की सबसे बडी रिफाईनरी का उदघाटन 21 अप्रैल को किया जायेगा। केन्द्र सरकार ने ईरान इजरायल अमेरिका युद्ध के बीच पेट्रोल , गैस सहित अन्य संसाधनो की भारत में किसी प्रकार की कोई कमी नही आने दी। पचपदरा में रिफाईनरी शुरु होने से राजस्थान को राजस्व बढने के साथ रोजगार के साधन मिलेगे तथा प्रदेश का चहुँमुखी विकास होगा। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार ने तीन तलाक पर विधयेक लाकर मुस्लिम महिलाओं को मजबूत बनाया। वही महिला सशक्तिकरण को लेकर समय समय पर प्रयास किये जा रहे है। रिफाईनरी में देरी व दोगुनी लागत लगाने के प्रश्न गोल माल जवाब देते हुए कहा कि देरी से उल्टा फायदा हुआ है तथा भाजपा ने पुरी लगने से रिफाईनरी को लगाने में मेहनत की है , कांग्रेस ने केवल औचारिकता की थी, वही सांचोर के झाब को पंचायत समिति से हटाकर भादरुणा करने के प्रश्न पर उन्होने अनभिज्ञता जताई। भाजपा के जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित द्वारा जिले के कार्यकर्ताओं की नही सुनने के प्रश्न पर उन्होने कहा कि ऐसी बात नही है। कार्यकर्ताओं ने जो स्वागत किया है, इससे लगता है कि संगठन एक ही है, प्रदेशाध्यक्ष इस सवाल का भी संतोषप्रद जवाब नही दे पाये। भाजपा में बागावत करने वालो को पुन पार्टी में लेने वालो के प्रश्न पर भी उन्होंने अगली बार ध्यान रखने की बात कने की कही। मुख्यमंत्री के किसानो के पच्चीस दिन में काम करने के प्रश्न पर भी प्रदेशाध्यक्ष सवाल का जवाब घुमाते हुए वीबी रामजी की बात की। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष यह कहते हुए कार्यकर्ता सम्मेलन की ओर चले गये कि मैने सभी सवालो का जवाब दे दिया है, मै अभी किसी भी सवाल का जवाब नही दूंगा।


जालोर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड मीडिया से रुबरु हुए। फोटो-राष्ट्रदूत

इस दौरान सांचोर विधायक जीवाराम चौधरी, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, सहित अन्य मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड का जालोर में एक दिवसीय दौरे के दौरान मंगलवार को जगह जगह कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

जालोर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड के निर्धारित समय से करीब तीन घंटे देरी से आने पर कार्यकर्ता भी परेशान नजर आये। प्रदेशाध्यक्ष का जालोर प्रात 11 बजे आने का समय निर्धारित कार्यक्रम था, लेकिन वे करीब पौने दो बजे जालोर पहुंचे।

जालोर पहुंचने पर सीमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफा माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदेशाध्यक्ष का जगह जगह फूल माला व साफा से स्वागत किया गया।

वही घांची समाज विकास संस्थान जिला जालोर द्वारा अध्यक्ष हनुमानराम भाटी बावडी और समाज बंधुओ द्वारा घांची समाज के सिरमौर ,लोकप्रिय बहुमुखी प्रतिभा के धनी,युवा हृदय स्मार्ट बीजेपी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड का जालोर की पुण्य धरा के आगमन पर न्यू बस स्टैंड स्थित अमर होटल के सामने घांची समाज जालोर द्वारा माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया।और 13 जून को प्रस्तावित सामाजिक कार्यक्रम में पहुंचने का आमंत्रण दिया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष हनुमानराम भाटी ,बीजेपी युवा नेता अमर भाई मोदी,सचिव नाथाराम भाटी सादुलाराम जी भाटी, कोषाध्यक्ष हीरालाल परमार,भंवर परमार ,नरेश देवडा, चतरा राम भाटी , विधि सलाहकार एडवोकेट प्रवीण कुमार घांची ,मोहनलाल बोराना,शंकर लाल,हंसराज सोलंकी , नेनाराम भाटी शांतिलाल जी परमार सहित कई समाज बंधु मौजूद रहे।


## आहोर में कई कार्यक्रम हुए

**आहोर**, (निसं)। आहोर शहर में मेघवाल समाज छात्रावास खारा रोड पर दलित सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की ओर से बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की एक सौ पैंतीस वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाया।

अतिथियों की ओर से डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि भीम की राह बुद्ध का ज्ञान मानवता ही सबसे धर्म डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने सामाजिक न्याय के पर आधारित समाज बनाने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14-18 के माध्यम से दलित समुदाय के अधिकारों की रक्षा और उनके उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्य म में कांग्रेस पी सी सी सदस्य सवाराम पटेल ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर ने समानता, न्याय और मानवाधिकार के प्रति जागरूकता बढाई और शिक्षा के महत्व को बढावा दिया। उनके आदर्शों को अपनाकर हम एक न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण समाज बनाने की दिशा में काम करना चाहिए।

इस अवसर पर पुर्व एडी एम ईदाराम डॉ पी आर चुंडावत डॉ युगल राठौड भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आवरदान चारण मंडल अध्यक्ष किशोर सिंह अम्बेडकर सेवा समिति पुर्व अध्यक्ष खीमाराम परिहार सन्त रविदास सेवा ब्लॉक अध्यक्ष उदयराज मेघवाल रधुवीरसिंह चारण हिम्मताराम मेघवाल भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष कानाराम दमामी जबराराम सोलंकी धनाराम मसराराम काम्बा कुयाराम शंखवाली डाली बाई सेवा समिति अध्यक्ष नैनाराम गेहलोत ने आगंतुवों का आभार जताया।

# पाली में मिलावट व नकली के संदेह पर कार्रवाई की


पाली जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष अभियान के तहत घी के नमूने लिए तथा 27 टीन को विक्रय नहीं करने की हिदायत दी। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष अभियान जारी है। सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल के निर्देशानुसार अभियान के तहत पाली शहर के इंद्रा कॉलोनी पर स्थित भुवाल माता डेयरी एंड जनरल स्टोर से घी का नमूना तथा दूसरी शिकायत भीखाजी नगर कोसलाव शिव शक्ति किराना स्टोर से नकली घी के संदेह पर कृष्णा घी, सरस घी, अमूल घी के 4 नमूने लिए 27 टीन को विक्रय नहीं करने की हिदायत दी। खाद्य विभाग की टीम ने प्राप्त शिकायत पर खिवाड़ा में विधाता सुपर मार्केट पर कार्यवाही कर सरस से मिलते-जुलते चार ब्रांड घी के सैंपल लिए। सभी नमूने प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चन्द शर्मा ने बताया कि मंगलवार को खिंवाड़ा में विभाग की टीम ने श्री श्याम सरस, धेनु सरस, गो अमृत सहित अनेक ब्रांड के घी के सैंपल जांच के लिए लिया। प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जालोर स्टेशन का निरीक्षण

**जालोर**, (कासं)। जालोर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को जोधपुर रेलवे मंडल के एडीआरएम करनी राम ने अपनी टीम के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यो का जायजा लिया। वही जालोर में 16 अप्रैल को रेल्वे महाप्रबधक के प्रस्तावित दौरे को लेकर निरीक्षण कीर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जालोर रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्य, यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई, प्लेटफॉर्म सुधार, प्रतीक्षालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बारीकी से जांचा गया। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए ताकि कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण हो सके।

एडीआरएम ने कहा कि जालोर रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर यात्रियों को बेहतर अनुभव देना प्राथमिकता है।


जालोर रेलवे स्टेशन पर जोधपुर रेलवे मंडल के एडीआरएम करनी राम ने अपनी टीम के साथ निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

वे मंगलवार को जोधपुर से रवाना होकर समदडी , जालोर, मोदरान, भीनमाल, रानीवाडा से भीलडी तक विभिन्न रेल्वे स्टेशनो का निरीक्षण किया उनके दौरे के दोरान लोगो ने रेल्वे सम्बधित विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौपा।

## वाहन रैली व जनसभा हुई

**फलोदी**, (निसं)। शहर के डॉ अंबेडकर उद्यान में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती अवसर पर विशाल जनसभा आयोजित कर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के आदर्शो पर मंचासिन गणमान्य लोगों द्वारा अपने अपने विचार रखे गए। इससे पहले सोमवार बाबा साहेब अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर उनकी प्रतिमा पर आयोजन समिति के तत्वावधान में बालिकाओं द्वारा पैदल मार्च निकाल कर अंबेडकर पार्क पहुंचे जहां सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद 14 अप्रैल को प्रातः शहर के मुख्य सडक मार्गो से वाहन रेली के रूप में लोग संयोजक एडवोकेट भेराराम मकवाना,डॉ निरंजन कुमार मेहरा के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क पहुंचे जहां डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, जिसमें महिला-पुरुषों सहित युवा शक्ति बडी संख्या में शहर के मुख्य सडक मार्गो से होकर अंबेडकर पार्क पहुंचे।

# 'यादों का मौसम' काव्य संग्रह का लोकार्पण

**जोधपुर**, (कासं) । "यादों का मौसम" काव्य संग्रह का लोकार्पण समारोह चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित लव कुश सभागार में आयोजित किया गया।

प्रसिद्ध शब्द चित्र लेखिका डॉ. पद्मजा शर्मा ने अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में उदित कवयित्री पूजा अठावाल के काव्य सग्रह "यादों का मौसम" के लोकार्पण के अवसर पर पूजा अग्रवाल की कविता को भावनाओं, कोमल संवेदनाओं और विचारों की ऊंचाई वाली कविता बताया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कवयित्री डॉ. नीना छिब्बर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थीं। विशिष्ट अथिति डॉ. तृप्ति गोस्वामी "काव्यांशी" ने "यादों का मौसम" लोकार्पित काव्य संग्रह की कविताओं को पारिवारिक संदर्भों को छूते हुए विराट संसार में ले जाने वाली कविता बताया। इस अवसर पर कवयित्री पूजा अग्रवाल ने जब अपनी सृजन यात्रा की प्रस्तुति दी।



जोधपुर में काव्य संग्रह का लोकार्पण समारोह चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित लव कुश सभागार में आयोजित किया।

उन्होंने अपनी चुनिंदा रचनाएं भी सुनाई। शायर मनशाह "नायक" ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया जबकि युवा कवयित्री अमिता भंडारी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

परिषद की अध्यक्ष डॉ गीता भट्टाचार्य ने बताया कि लोकार्पण समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हरिदास व्यास, सत्येंद्र छिब्बर, गीतकार दिनेश सिंदल, वरिष्ठ कवि नरसिंह सोलंकी, श्याम गुप्ता शान्त, एन डी निम्बावत, प्रमोद वैष्णव, बसंती पंवार, डॉ. मनीषा डागा, डॉ. रेणुका व्यास, आशा पाराशर, चांद कौर जोशी, रजनी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## राज्यपाल जालोर कल आएंगे

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे 16 अप्रैल को जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे जहां वे शहीद स्मारक व जालोर नागरिक सहकारी बैंक कार्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे 16 अप्रैल को प्रातः 8.45 बजे जयपुर से स्टेट हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर प्रातः 10.20 बजे वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में बनाए गए हेलीपैड पर उतरेंगे। प्रातः 10.25 बजे हेलीपैड से रवाना होकर पुलिस लाइन जालोर के पास स्थित शहीद स्मारक पहुंचेंगे जहां वे शहीद स्मारक का लोकार्पण करेंगे। तत्पश्चात् वहां से रवाना होकर प्रातः 10.45 बजे राजेंद्र नगर रोड जालोर पर क्लब के पास स्थित जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड कार्यालय पहुंचेंगे तथा बैंक कार्यालय का लोकार्पण करेंगे। इसके उपरांत वे जालोर क्लब सभागार पहुंचेंगे तथा जालोर नागरिक सहकारी बैंक के समारोह में शिरकत करेंगे। दोपहर 12.50 बजे जालोर क्लब से रवाना होंगे।

# जालोर में भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

**जालोर**, (साबीर)। जालोर में भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए।

जालोर में डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती को लेकर नगरपरिषद से रैली निकाली गई। रैली में बाबा साहेब के नारे लगाते हुए युवा चल रहे थे। वही रैली विभिन्न मार्गो से होती हरिदेव जोशी सर्किल स्थित अम्बेडकर सभा स्थल पहुंची। जहां अतिथियों ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि अर्पित की । वही अम्बेडकर सभा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने सम्बोधित करते हुए संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के किये गये कार्यो को याद किया गया तथा उनके कार्यो का अनुसरण का आव्हान किया गया। अतिथियों ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के देश सेवा में किये गये कार्यो के बारे में बताया। जिलेभर में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती श्रद्वापूर्वक मनाई गई।

वही निकटवर्ती आहोर उपखंड क्षेत्र के उम्मेदपुर कस्बे में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष गजेन्द्रसिंह डोडियाली कि अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आहोर के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह डोडियाली ने कहा कि डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता होने के साथ-साथ सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब के बताए मार्ग शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो को अपनाकर ही समाज का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम में सामाजिक समानता, न्याय और शिक्षा को बढावा देने का संकल्प लिया गया। इस दौरान गजेन्द्र सिंह डोडियाली, कन्हैयालाल माली, एडवोकेट रमेश कुमार बेदाना, एडवोकेट पोकरमल , लक्ष्मणराम, लादाराम, कानाराम, रुपाराम, चम्पालाल, रमेश सोलंकी, ओमप्रकाश, सुरेश, मंगलाराम, गोविंद कुमार सहित कई जने उपस्थित रहे।


जालोर में भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**गुड़ामालानी संवाददाता के अनुसार** : मैला मैदान में कार्यक्रम मुख्य अतिथि राज्य मंत्री के के विश्नोई,राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड ,तहसीलदार रणछोड सोनी, रमेशलाल जोशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन, मुख्य वक्ता नरपत परमार, ईओ सुरेश कुमार जीनगर, चम्पालाल वर्मा, अशोकसिंह राजावत, हिरालाल चौहान, वेहनाराम सोनगरा, कान्तिलाल सोनी, आसुराम भील, नंरीगाराम कटारिया, दीपाराम चौधरी, नवलाराम चौहान के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम से पूर्व वाहन रैली का आयोजन किया गया । वाहन रैली को नगरपालिका ईओ सुरेश कुमार जीनगर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि इंसान को शिक्षा के साथ हर प्रकार के ज्ञान की आवश्यकता है । समय को देखते हुए समय का अच्छा उपयोग कर आगे बढने को कहा । राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड ने कहा कि डॉ आंबेडकर इंसान के रुप में गरीब,निर्धन तबके के लोगों के लिए भगवान थे । आज देश में सबसे ज्यादा अगर मूर्तियां है तो डॉ भीमराव अंबेडकर की है । मुख्य वक्ता नरपत परमार ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर को सच्चे रूप से जानने के लिए अच्छी शिक्षा का होना जरूरी है । डॉ भीमराव अंबेडकर मूर्तियों में नहीं किताबों में मिलेंगे । देश के प्रति जागरूक और धैर्य और शांति से कार्य करके देश को मजबूत बनाएं और देश के प्रति वफादार रहने की बात कही । समिति के अध्यक्ष आईदानराम सिधप ने कार्यक्रम में आये अतिथियों एवं कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी बंधुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम का मंच संचालन हनुमानाराम गढवीर के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष सहायक विकास अधिकारी आईदान राम सिद्धप, सवाराम पारगीं, प्रहलाद मेघवाल, हुकमाराम गोयल, छगनलाल मेघवाल,मुकेश अहम्पा, पदमाराम बोगु, सहित कई जने मौजूद रहे।

## निष्पक्ष जांच की मांग की

**सायला**, (निसं)। सायला कस्बे के शेखावाटी इंग्लिश एकेडमी में प्रधानाध्यापिका द्वारा एक छात्र को दो घंटे तक बंधक बनाकर मुर्गा बनाने और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटने के मामले में पीडति छात्र के पिता समेत ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर सहित उच्चाधिकारियों के नाम उपखंड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

ज्ञापन में बताया कि प्रार्थी श्रवण कुमार निवासी सायला का पुत्र हिमांशु शेखावाटी इंग्लिश एकेडमी में कक्षा 8 का छात्र है। आरोप है कि बीती 4 अप्रैल 2026 को स्कूल के लंच टाइम के दौरान प्रधानाध्यापिका ललिता वैष्णव ने छात्र को अपने ऑफिस में दो घंटे तक बंधक बनाए रखा। इस दौरान उसे मुर्गा बनाकर पीठ पर लात-घूंसों से वार किए गए, जिससे छात्र को गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं।

मारपीट के बाद जब छात्र की तबीयत बिगडने लगी, तो उसे डरा-धमकाकर क्लास में भेज दिया गया।

# फर्जी रजिस्ट्री मामले को लेकर महापड़ाव जारी

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के सायला के आसाना गांव की कृषि भूमि की फर्जी रजिस्ट्री के विरोध में सर्वसमाज का अनिश्चितकालीन महापडाव मंगलवार को भी जारी रहा। इस मामले में पुलिस ने दो लोगो को सोमवार को गिरप्तार किया था, मंगलवार को एक ओर अन्य आरोपी को गिरपतार किया।

सायला क्षेत्र में बहुचर्चित फर्जी रजिस्ट्री प्रकरण को लेकर मंगलवार को सर्व समाज के प्रतिनिधि मंडल ने जिला मुख्यालय पर स्थित निजी होटल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड से मुलाकात कर मुख्य षडयंत्रकारी मांगीलाल फोलामुथा सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

साथ ही ठोस कार्यवाही नहीं होने पर पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी भी प्रकट की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने एक मांग-पत्र भी सौंपा है।

गौरतलब है कि सायला तहसील मुख्यालय पर चैराउ निवासी जबरसिंह पुत्र वगतसिंहजी राजपूत परिवार के साथ साढे पांच करोड की ठगी करने को लेकर सर्व समाज की ओर से सायला तहसील कार्यालय के आगे महापडाव सोमवार को शुरु किया था मंगलवार को भी जारी रहा।

जालोर जिले में प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के दौरे की सूचना पर सर्व समाज के प्रतिनिधि मंडल ने जिला मुख्यालय पर पहुंच कर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात की।

प्रतिनिधि मंडल के साथ पीडित परिवार जगमालसिंह राजपूत भी साथ थे। प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन देकर बताया कि फर्जी रजिस्ट्री प्रकरण के मुख्य आरोपी मांगीलाल फोलामुथा पुत्र छोगालालजी, जाति जैन निवासी सायला सहित अन्य आरोपियों को करीब पन्द्रह दिन गुजरने के बाद भी गिरफ्तार नहीं किया गया है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड द्वारा प्रकरण में दो आरोपियों के गिरफ्तार करने की बात कहने पर प्रतिनिधि मंडल के साथ आए पीडित परिवार के जगमालसिंह सहित अन्य ने कहा कि पुलिस ने केवल खानापूर्ति के लिए दलालों को पकडा है, जबकि मुख्य षडयंत्रकारी तो मांगीलाल फोलामुथा है, जिसे राजनीतिक दबाव के चलते गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है।

इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में उदयसिंह दादाल, युवा नेता टीकमसिंह राणावत, सर्जनसिंह राठौड गुंदाउ, उदयसिंह भालनी, रावतसिंह दूठवा, जगमालसिंह चैराउ, जबरसिंह चैराउ सहित कई जने शामिल थे।

# अंबेडकर जयंती पर वाहन रैली निकाली

**भीनमाल**, (निसं)। डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को शहर में भव्य एवं विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में आयोजित इस रैली में हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समिति के संयोजक दलाराम काबावत ने बताया कि रैली प्रातः 8¬3० बजे नीलकंठ महादेव मंदिर के आगे से प्रारंभ हुई। रैली को जालोर विधायक डॉ. समरजीत सिंह, पुलिस उपाधीक्षक शंकरलाल मंसुरिया, सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता भंवरलाल सुखाडिया, समाजसेवी विक्रमसिंह राव आर्य, हाजी सतार खान एवं सी.एल. गेहलोत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली सती माता सर्कल, मेघवालों का वास, दासपा रोड, भादरडा चुंगी नाका, हनुमान चौक, जगजीवनराम कॉलोनी, जटिया मोहल्ला, होली चौक, हाई स्कूल रोड एवं महावीर सर्कल से होते हुए अम्बेडकर सर्कल पहुंची। यहां विधायक डॉ. समरजीत सिंह एवं पूर्व प्रधान देराम विश्नोई ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।

इस दौरान बाबा साहेब अमर रहें के जयकारों से माहौल गूंज उठा। रैली में जीनगर समाज, संस्कृति जागरण संघ, यूथ फॉर नेशन एवं आर्य समाज कल्याणकारी संस्था सहित विभिन्न संगठनों ने भाग लिया तथा जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम में सैकडों महिलाओं, हजारों युवाओं एवं बडी संख्या में आमजन की उपस्थिति रही। संयोजक दलाराम काबावत ने शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

कांग्रेस कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती विधायक डॉ. समरजीत सिंह एवं विधानसभा प्रभारी छोटूसिंह रावणा की उपस्थिति में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अतिथियों ने बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्य म को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. समरजीत सिंह ने कहा कि बाबा साहब के आदर्शों और विचारों पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है। इस दौरान लक्ष्मण सिंह राव, गोविंद खिलेरी, सुरेश सोलंकी, तलकाराम रांगी, इ?बाल खान, शकूर खान, गलाराम देवासी, हरीश बोहरा आदि उपस्थित रहे।

## बीस फर्मो पर जुर्माना

**बाडमेर**, (नि.सं)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर एवं जिला कलेक्टर बाडमेर के निर्देशन में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जिले की कई फर्मो से जांच हेतु नमूने लिए गए थे जो बाद जांच अमानक स्तर के पाए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रकरणों में अनुसंधान पूर्ण कर न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट बाडमेर के समक्ष प्रस्तुत किए गए थे। न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट बाडमेर द्वारा इन फर्मो पर 17 लाख से अधिक का जुर्माना आरोपित किया गया है ।